एक नजर में

## मेजबान चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल की टीम जीती



इंदौर. देश और विदेश की टीमों के बीच आइएसएसओ नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबलों का दौर रविवार को भी जारी रहा. बालकों के साथ ही बालिका खिलाड़ियों ने भी फुटबॉल के मैदान पर अपने कदमों का कमाल दिखाया। इस दौरान विदेशी टीमों ने भी अपनी चुनौती पेश की. चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में खेले जा रहे टूर्नामेंट में रविवार को अंडर-14 बालक वर्ग में ओबेराय इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने येलो ट्रान स्कूल की टीम को 2-0 से पराजित किया. विजेता टीम के लिए कबीर हरियानी और नमन नागोरी ने एक-एक गोल किए. इसी आयु वर्ग में मेजबान चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल ने पुणे के चतुर्भुज नरसी स्कूल पुणे को 1-0 हराया। दोनों ही टीमों ने मैच के दौरान गैर जरूरी जोखिम लेने का प्रयास नहीं किया. इसी आयु वर्ग में हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल और नाहर इंटरनेशनल स्कूल के बीच मैच गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ. डीएआइएस स्कूल की टीम ने नोएडा के शिव नागर स्कूल को 3-0 से पराजित किया. स्कॉटिश स्कूल ने कांटे के मुकाबले में उत्पल शंगवी स्कूल की टीम को 1-0 से पराजित किया. एक अन्य मैच में उत्पल शंगवी स्कूल की टीम का सामना अदाणी इंटरनेशनल स्कूल की टीम से हुआ।अंत में उत्पल शंगवी स्कूल की टीम ने यह मैच 3-2 से अपने नाम किया. अंडर-17 बालिका वर्ग में सिंबायोसिस इंटरनेशनल स्कूल और ओबेराय इंटरनेशनल स्कूल की टक्कर हुई। परिणाम के लिहाज से यह मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें ओबेराय स्कूल की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की. दुबई के जेम्स स्कूल की टक्कर ओबेराय जेवीएलआर स्कूल की टीम से हुई. ओबेराय स्कूल की टीम ने यह मैच 6-0 से अपने नाम किया. मैचों के दौरान प्रिंसिपल डा. ऋचा चतुर्वेदी सहित स्कूल स्टाफ और खिलाड़ी उपस्थित थे.

## सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में 1 लाख 51 हजार आहुतियां

इंदौर. विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में चल रहे शारदीय नवरात्र महोत्सव में सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ में आचार्य पं. राजेश शर्मा तथा अन्य सहयोगी 11 विद्वानों के निर्देशन में आहुतियों का क्रम रविवार को भी जारी रहा. अब तक यहां 1 लाख 51 हजार आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं. जैसे ही आहुतियों का क्रम पूरा होगा, समूचा विद्याधाम परिसर मातारानी के जयघोष से गुंजायमान हो उठा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि मंदिर स्थित मां भगवती के सभी स्वरूपों का मनोहारी श्रृंगार भी प्रतिदिन किया जा रहा है। आज आचार्य पं. लोकेश शर्मा, आचार्य पं. रवि एवं उनके साथियों ने मातारानी का मनोहारी श्रृंगार किया. शारदीय नवरात्रि में आश्रम पर सुबह 7 बजे से वेदपाठ, सायं 6 बजे से ललिता सहस्त्र नामावली से सामूहिक लक्ष्यार्चन, सायं साढ़े सात बजे महाआरती और रात नौ बजे ललिता सहस्त्र नामावली से सामूहिक लक्ष्यार्चन आराधना का क्रम पहले दिन से ही जारी है.



## कांग्रेस सेवादल ने गंदगी को लेकर सौंपा ज्ञापन



महू. शहर के अंदर व्याप्त गंदगी एवं विद्युत प्रदाय बंद होने के लिए एवं पानी की समस्या के लिए कैंट बोर्ड कार्यालय महू में कांग्रेस सेवा दल ने ज्ञापन सौंपा है. कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेश जोशी अपने साथियों के साथ महू कैंटोनमेंट बोर्ड अधिकारी सतीश अग्रवाल से मिला उन्हें महू में व्याप्त गंदगी आवारा पशु एवं पानी की समस्या से अवगत कराया और उन्हें जल्दी से जल्दी दुरुस्त करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा. सेवादल अध्यक्ष नरेश जोशी ने बताया की चंदन मार्ग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झंझोट गली में गंदगियों का अंबार है. लाइट के बिजली के खाबो पर बिजली बंद है. पूरे मोहल्ले में एवं नर्मदा का नल कनेक्शन था, उसमें भी पानी की व्यवस्था नहीं है। वहां के नागरिक नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है. अत: हम कैंटोनमेंट बोर्ड से निवेदन करते हैं रहने वाले लोगों को सम्मान की जिंदगी जीने के लिए पानी बिजली की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। जल्द से जल्द सेवादल प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस से बदल के अध्यक्ष नरेश जोशी, उपाध्यक्ष मुन्नालाल पहलवान, असद मसूद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिराम चौहान, शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष वीरेन झंझोट, ग्रामीण कांग्रेस सेवा दल दिनेश चौहान ज्ञापन का वचन हरिराम जी चौहान ने किया एवं आभार मुन्नालाल पहलवान ने किया.

## पॉलिथीन का उपयोग करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई

पीथमपुर. नगर पालिका परिषद पीथमपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत शुक्ला के आदेशानुक्रम में प्रमुख बाजार क्षेत्रों में श्रमदान के मध्यान से विशेष सफाई अभियान चलाया गया. साथ ही अमानक प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग विक्रय करने वालों पर 2700 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई. लगभग 5.2 किलो अमानक प्लास्टिक पॉलिथीन की जब्ती की गई. अभियान संचालित कर निकाय क्षेत्र में अमानक प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने हेतु समझाईस दी गई.



## शहर में गरबों की धूम...









**इंदौर। नवरात्रि की पूरे शहर में धूम है. माता के मंदिरों में जयकारे गूंज रहे हैं. वहीं जगह-जगह गरबा पंडाल सजे हुए हैं. पंडालों में नाच-गाना जोरों पर है. इसी के साथ ही गरबा पंडाल भी सजकर आकर्षण का केंद्र बने हैं, जहां जमकर रास हो रहा है. हर त्योहार में अलग ही रंग जमाने वाले इंदौर में गरबे का रास अलग ही लेवल का होता है. शहर में देर शाम से शुरु होने वाले गरबे की खनक रात 12 बजे तक रहती है.**

गरबे पर थिरकने के लिए पूरा शहर सालभर इंतजार करता है और नवरात्रि के पहले ही दिन से पूरा शहर रास करता नजर आता है. यहां सैकड़ों गरबा पंडाल आपको नजर आ जाएंगे, जहां हजारों लोग आपको थिरकते दिखाई देंगे. पंखिड़ा गरबा- यह शहर के सबसे लोकप्रिय गरबा आयोजनों में से एक है, जो प्रसिद्ध गरबा गीत %पंखिड़ा तू उड़ जाजे पावागढ़ रे... से प्रेरित है. यह आयोजन अपनी अनूठी ऊर्जा, पारंपरिक गरबा धुनों और भीड़ के लिए जाना जाता है.

शहर के गरबों में संगीत, नृत्य और उत्सव का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है, जो इसे गरबा प्रेमियों के लिए एक प्रमुख स्थान बनाता है. शहर में कई सेलिब्रिटिज भी इसका हिस्सा बनते हैं. अभिव्यक्ति गरबा ग्राउंड में होता है. गरबों में भाग लेने वाले लोगों की ऊर्जा और उनके सिंक्रनाइज्ड मूव्स इसे एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव बनाते हैं. इसमें भाग लेने वालों को पहले एक सप्ताह तक ट्रेनिंग दी जाती है.

## अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे एक लाख से अधिक श्रद्धालु



इंदौर. पश्चिम क्षेत्र स्थित शहर के प्रमुख आस्था केन्द्र अन्नपूर्णा मंदिर पर शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न अनुष्ठानों में रविवार को सुबह से देर रात तक एक लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन, पूजन कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। सुबह मां के महाअभिषेक एवं तदपश्चात सहस्त्रार्चन के साथ आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में मातारानी को छप्पन भोग समर्पित किए गए.

मंदिर के संचालक स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि ने बताया कि आश्रम परिवार के उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया मोयरा, सत्यनारायण शर्मा एवं श्याम सिंघल ने बताया कि नवश्रृंगारित वेद मंदिर को अब आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जिसका लोकार्पण 30 सितम्बर शाम 6 बजे होगा. मंदिर पर भक्तों की निरंतर बढ़ती संख्या को देखते हुए परिसर में पांडाल, छाया, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा, रोशनी, साफ-सफाई, प्रसाद वितरण के साथ ही गो सेवा के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए.

# नवरात्रि पर उमड़ी आस्था, माता मंदिरों में भक्तों की भीड़





**इंदौर. नवरात्रि पर्व पर रविवार को शहर के प्रमुख माता मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए पहुंचने लगे. बिजासन माता मंदिर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा. मंदिर परिसर में आकर्षक फूलों की सजावट की गई थी, वहीं माता की आरती में भक्त भाव-विभोर हो उठे.**

नगर निगम और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. मंदिरों में माता के जयकारों और भक्तिमय धुनों से वातावरण गूंजता रहा.

# हर शहर में दस-दस गांधी चाहिए : राहुल देव

### जाल सभागृह में संस्था 'सेवा सुरभि' की मेजबानी में गांधी जयंती के पूर्व व्याख्यान





इंदौर. आज के हर मोहल्ले और हर शहर में दस-दस, पचास-पचास गांधी चाहिए. जब तक गांधी की राह पर चलने वाले लोग सामने नहीं आएंगे, कटुताओं और विभाजनों का अंधेरा गहराता जाएगा. इंदौर जैसे बड़े दिल वाले शहर में कम से कम दस-पंद्रह लोग तो ऐसे होने चाहिए, जो आगे बढ़कर कटुताओं को चुनौती दें, संवाद करें और भाईचारे की राह दिखाएं. अगर हम यह शुरुआत करेंगे तो यहीं से सद्भाव की लहर उठ सकती है.

ये बातें दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक राहुल देव ने संस्थाव 'सेवा सुरभि' द्वारा गांधी जयंती के निमित्त 'वैश्विक-राष्ट्रीय धार्मिक कटुताएं और गांधी दर्शन' विषय पर जाल सभागृह में आयोजित व्याख्यान में कही. प्रारंभ में नवागत संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, गांधीवादी कार्यकर्ता अनिल त्रिवेदी एवं इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, पद्मश्री भालू मोढ़े, शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली भी विशेष रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर पिछले दिनों कालानी नगर में हुए ट्रक हादसे के दौरान घायलों की मदद करने वाले आरक्षक पंकज यादव एवं कालू ठाकुर का सम्मान संस्था की ओर से संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े और राहुल देव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया. अतिथियों का स्वागत दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर ओमप्रकाश नरेडा, अनिल गोयल, पर्यावरणविद डॉ. एस.एल. गर्ग, अतुल शेठ, अरविंद जायसवाल, मोहन अग्रवाल, गौतम कोठारी आदि ने किया. वक्ताब का परिचय वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश हिंदुस्तानी ने दिया। स्वागत उद्बोधन कुमार सिद्धार्थ ने दिया. संचालन संजय पटेल ने किया. इस अवसर पर पर्यावरणविद डॉ. ओ.पी. जोशी, डॉ. दिलीप वाघेला, डॉ. किशोर पवार, डॉ. अजीतसिंह नारंग, गौतम कोठारी, आलोक खरे, निर्मल पाटोदी, रामेश्वर गुप्ता सहित शहर के अनेक प्रबुद्धजन भी उपस्थित थे.

# इंदौर की हिरण्या निर्देशक महेश भट्ट की फिल्म में बनी मुख्य हीरोइन

### 'तू मेरी पूरी कहानी' में निभा रही मुख्य भूमिका



इंदौर. समीपस्थ ग्राम कलारिया की गलियों में पली-बढ़ी बालिका हिरण्या अब प्रख्यात फिल्म निर्देशक महेश भट्ट द्वारा निर्देशित फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी' में मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभा रही है. शहर के सिनेमाघरों में शुक्रवार को उनकी यह फिल्म प्रदर्शित हुई है, जिसमें वे एक नए अभिनेता अरहान पटेल के साथ नजर आ रही हैं. शुक्रवार को फिल्म के पहले शो को कलारिया और इंदौर स्थित हिरण्या के दादा-दादी सहित अनेक मित्रों और स्नेहीजनों ने समारोहपूर्वक देखा. ग्राम कलालिया इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर शहर से मात्र 10 किलोमीटर दूर स्थित है. यहां रहने वाले बी.एम. ओझा के पुत्र गिरिजेश ओझा की बेटी है हिरण्या. गिरिजेश अब गुरूग्राम रह रहे हैं। उनकी इस बेटी ने कलारिया की गलियों में अपना बचपन गुजारने के बाद गुरूग्राम पहुंचकर अपनी शिक्षा पूरी की और वहीं पर अक्षय पात्र फाउंडेशन से जुड़कर कैंसर से संबंधित संस्था केनसपोर्ट के लिए काम किया. अभिनय के क्षेत्र में उन्होंने प्रख्यात अभिनेता अनुपम खेर के संस्थान एक्टर प्रिप्रेयर्स से प्रशिक्षण प्राप्त किया और महेश भट्ट जैसे सुपर निर्देशक के साथ पहली फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी' से बालीवुड में कदम रखा है. कलारिया में सेवा निवृत्त जीवन का आनंद ले रहे ओझा अपनी पोती हिरण्या के फिल्म जगत में प्रवेश से अपने पूरे परिवार सहित बहुत प्रसन्न है. उन्होंने शुक्रवारको सपना संगीता मल्टी फ्लेक्स पहुंचकर अपने परिजनों सहित फिल्म देखी । उन्हें उम्मीद है कि जिस तरह हिरण्या ने इस पहली फिल्म में शानदार अभिनय किया है, बालीवुड में वह भी एक ऊंचा मुकाम बना लेंगी.

# इंदौर के पर्वतारोही योगेश ने लद्दाख के शिखर पर फहराया तिरंगा




इंदौर. मालवा की धरती के बेटे और इंदौर के जांबाज पर्वतारोही योगेश सुरजिया ने एक बार फिर अपने हौसले और जज़्बे से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इसी सोमवार, 22 सितम्बर को लद्दाख की दुर्गम माउंट कीआगर री (6,100 मीटर / 20,013 फीट) की चढ़ाई कर शिखर पर भारत का तिरंगा लहराया. यह केवल एक पर्वतारोहण नहीं था, बल्कि साहस, संघर्ष और संकल्प की पराकाष्ठा थी. योगेश को इंदौर की स्वयंसेवी संस्था गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट ने जरूरी मदद देकर इस अभियान के लिए बिदा किया था, जिसमें वे पूरी तरह खरे उतरे और उन्होंने गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट के लोगो को इतनी ऊंचाई पर फहराकर इंदौर के नाम को भी फलक पर पहुंचा दिया. मौत को मात देकर पहुँचे शिखर तक- चढ़ाई के दौरान योगेश को बर्फीली आँधियों, माइनस तापमान और ऑक्सीजन की कमी जैसी भयावह परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। कई बार हालात इतने बिगड़ गए कि वापस लौटना ही सुरक्षित विकल्प लग रहा था, लेकिन योगेश के हौसले पहाड़ से भी ऊँचे थे. योगेश का कहना है यह केवल मेरी नहीं, पूरे इंदौर और भारत की जीत है. हर शिखर पर तिरंगा फहराना ही मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा सपना है. गोल्ड कॉईन सेवा ट्रस्ट के प्रमुख संजय अग्रवाल ने बताया कि योगेश सुरजिया पर्वतारोहण की दुनिया में नया नाम नहीं हैं। वे पहले ही कई चोटियों को फतह कर चुके हैं माउंट फ्रेंडशिप पीक (17,353 फीट, हिमाचल प्रदेश), इसके बाद युनाम पीक (20,100 फीट, लद्दाख) और माउंट किलिमंजारो (19,341 फीट, अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी) । हर बार उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हार न मानते हुए अपने साहस का परिचय दिया.

एक नजर में 'अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' का सातवां दिन...

# आचार्य वसंत विजयानंद महाराज युगपुरुष उपाधि से अलंकृत

## भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने दी भजनों की प्रस्तुति



इंदौर. कृष्णगिरी पीठाधीश्वर आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज को उनके सनातन और आध्यात्मिक जगत में उत्कृष्ट, प्रेरणादायी एवं विशिष्ट कार्यों को देखते हुए युगपुरुष की विशिष्ट उपाधि से अलंकृत किया गया है. वहीं मध्यप्रदेश शासन ने राजकीय अतिथि का दर्जा दिया. इस संबंध में एडिशनल स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर, मध्यप्रदेश शासन की ओर से आदेश जारी हुए हैं।

ये उपाधि अखिल भारतीय निर्वाणी अनी अखाड़ा (रजी) ने आचार्य वसंत विजयानंद गिरि महाराज को उनके सनातन और आध्यात्मिक जगत में उत्कृष्ट, प्रेरणादायी एवं विशिष्ट कार्यों को देखते हुए, वैष्णव समाज तथा अखिल भारतीय निर्वाणी अखाड़ा द्वारा प्रदान की. सम्मान पत्र प्रदान करने के लिए जगतगुरु अनंत श्री विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्य महाराज (प्रेमेश्वर पीठाधीश्वर), मुरलीदास श्रीमहंत अखिल भारतीय निर्वाणी अनी अखाड़ा सहित अयोध्या धाम और विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संतजन पधारे. महोत्सव वीआईपी परस्पर नगर में आचार्य वसंत विजयानंद महाराज के सानिध्य में चल रहा है। यहां हर दिन विशेष साधना, महायज्ञ, देवी भागवत कथा, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हो रही है। ये अद्वितीय धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक चलेगा.

वहीं शनिवार की रात यहां हिंदुस्तान के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा पहुंचे. माता के जयकारे के साथ देवी भागवत कथा पंडाल में पहुंचे लक्खा ने अपनी मधुर आवाज़ में सबसे पहले मंत्र सर्व मंगल मांगल्ये... पढ़ा, उसके बाद भजनों को सुनाना शुरू किया, तो हर भक्त उनकी जादुई आवाज सुन माता की भक्ति में लीन नजर आया. उनके गए भजनों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया. 30 सितंबर को आयोजन स्थल पर पंजाब प्रांत के विख्यात लोक संगीत, भांगड़ा और पॉप गायक दलेर मेंहदी की प्रस्तुति होगी. वे मां के भजनों को सुनाएंगे.

**महायज्ञ के बाद हुई कथा** - रविवार को सातवें दिन महायज्ञ के बाद कथा और प्रवचन हुए, जिसके श्रवण के लिए हजारों भक्त और अनुयायी पहुंचे. आचार्य वसंत विजयानंद महाराज ने बताया कि नवरात्रि के सातवें दिन देवी दुर्गा के मां कालरात्रि स्वरूप की उपासना की जाती है. इनके स्मरण मात्र से ही भूत-पिशाच, भय और अन्य किसी भी तरह की परेशानी तुरंत दूर भाग जाती है. उनके मन से हर प्रकार का डर दूर होता है।

नवरात्रि के सातवें दिन को महासप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना के बाद कुमकुम अर्चन, महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई. जगतगुरु ने आपने मुखराविंद से व्यापारी वर्ग के लिए विशेष प्रवचन किए, जिसमें उन्होंने व्यापार और उसमें सफल होने के लिए बातें और उपाय बताए.



## गरबा पांडाल में किया कन्याओं का पाद पूजन

**इंदौर. शारदीय नवरात्रि के महापर्व पर ब्राह्मण सेवा संगठन की ओर से सार्थक गरबा मंडल के पांडाल में 111 कन्याओं का शास्त्रोक्त विधि से पाद पूजन कर उन्हें उपहार, मिठाई एवं फल भेंट किए गए।.**

संगठन के अध्यक्ष पं. सत्येन्द्र शर्मा एवं मीडिया प्रभारी नीलाभ सुगंधी ने बताया कि संरक्षक पं. अनुपम तिवारी के सानिध्य में संस्था के पदाधिकारियों एवं मातृशक्ति ने मिलकर यह अनूठा महोत्सव आयोजित किया, जिसमें सार्थक गरबा मंडल के पं. सुजीत शर्मा, रेखा शर्मा के सहयोग से का प्रशंसनीय योगदान रहा. मातृशक्ति में श्रीमती संगीता शर्मा एवं श्रीमती मोनिका दुबे ने भी गरबा मंडल के पदाधिकारियों का सम्मान किया. कन्या पाद पूजन एवं उपहार भेंट करने के पुण्य कार्य में संतोष शर्मा, विजयलक्ष्मी कौशिक, दीपिका शर्मा, सीमा शर्मा, मनीषा जोशी, कविता शर्मा, संध्या शर्मा, सहित बड़ी संख्या में संगठन से जुड़ी मातृशक्ति ने कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए. सार्थक गरबा मंडल के अध्यक्ष पं. सुजीत शर्मा ने इस अवसर पर बताया कि महोत्सव का यह 22वां वर्ष है और हमारा प्रयास है कि कन्या पूजन की यह परंपरा प्रतिवर्ष निरंतर जारी रहे. रेखा शर्मा ने आभार माना.

NORTHERN ARC
नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 10वीं मंजिल, चरण-I, आईआईटी-मद्रास रिसर्च पार्क, कनागम गांव, तारामणि, चेन्नई - 600113, तमिलनाडु

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस

चूंकि आप, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गारंटर और बंधककर्ता, जिनका उल्लेख नीचे दी गई तालिका के पैरा संख्या 1 में किया गया है, ने अपनी अचल संपत्ति को बंधक रखकर नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है. आप सभी द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है और जबकि नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड सरफेसी अधिनियम के तहत एक सुरक्षित लेनदार है, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया है. नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड को आपके द्वारा देय और भुगतान योग्य राशियों का अधिक विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णन किया गया है. कृपया ध्यान दें, भुगतान की तिथि तक उक्त राशि पर आगे ब्याज और शुल्क भी लागू होंगे.

**1) आवेदक/सह-आवेदक/गारंटर और बंधककर्ता का नाम -(क) श्री राजेंद्र सिंह सोलंकी (उधारकर्ता) पता-** ग्राम भीमसी तहसील जिला देवास, भीमसी देवास, मध्य प्रदेश 455001, श्री खेड़ापति दूध भंडार, दुकान संख्या 12, वार्ड संख्या 6, नगर निगम कॉलोनी, उज्जैन रोड, देवास, मध्य प्रदेश 455001 **(ख) श्रीमती सोना कुंवर (सह-उधारकर्ता), पता-** ग्राम भीमसी तहसील जिला देवास, भीमसी देवास, भीमसी देवास, देवास, मध्य प्रदेश - 455001.

**2) ऋण विवरण (संवितरण/एनपीए और नोटिस तिथि/बकाया राशि)-** (क) ऋण खाता संख्या 102005895840, रुपये 24,96,985/- (रुपए चौबीस लाख छियानवे हजार नौ सौ पिच्यासी मात्र) की राशि के लिए ) (ख) 03 सितंबर 2025 को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ, (ग) 20 सितंबर 2025 की मांग सूचना। 10 सितंबर, 2025 तक बकाया राशि रुपए 25,65,942.61/- (रुपए पच्चीस लाख पैंसठ हजार नौ सौ बयालीस और पैसा इकसठ मात्र) है, साथ ही उक्त राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि भी देय हैं.

**3) अचल संपत्तियों का विवरण-** संपत्ति आईडी; 1066202309371365, प्लॉट नंबर 12 पैकी नगर निगम कॉलोनी, वार्ड नंबर 06, तहसील और जिला देवास (म.प्र.) में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित दुकान, राज मेडिकल एवीएम एम एस काजी के मकान से आगे मोहिते जी के मकान तक (नगर निगम कॉलोनी, रानी बाग) रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे समानान्तर स्थित सड़क के दोनों तरफ उज्जैन रोड प्रति (देवास सीनियर). 45.91 वर्ग मीटर, **सीमा क्षेत्र- पूर्व-** गली, **पश्चिम-** उक्त दुकान का शेष भाग, **उत्तर-** उज्जैन रोड, **दक्षिण-** मनोहरलाल पुत्र अंबारामजी की शेष भूमि.

आपको उपरोक्त तालिका में उल्लिखित विवरण के अनुसार कुल राशि का भुगतान अनुबंध दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य लागतों, शुल्कों और आकस्मिक व्ययों के साथ इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसके विफल होने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्ति के खिलाफ सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत उचित कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होंगे. इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री/लीज या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित संपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है.

एसडी/-
दिनांक : 29 सितम्बर, 2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : देवास नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड